दिन—मंगलवार दिनांक— 20 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

उच्चतम न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल गठित किया है। न्यायालय ने कार्यबल से तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। प्रधान न्यायधीश डी.वाई. चन्द्रचूड के अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कोलकाता में एक डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई करते हुये आज यह आदेश दिया। मुख्य न्यायधीश ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देशभर से चुने डॉक्टरों का यह राष्ट्रीय कार्यबल ऐसे दिशा—निर्देशों की सिफारिश करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे। न्यायालय ने देशभर के डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों के असुरक्षित कामकाजी माहौल पर चिन्ता भी व्यक्त की है। न्यायालय ने कहा कि वर्तमान कानून डॉक्टरों की सांस्थानिक सुरक्षा को सही प्रकार से व्यक्त नहीं करते हैं। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता की घटना को लेकर स्वतः संज्ञान लिया है।

————————————————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में सुरक्षा बढाने के लिए केंद्र सरकार के अस्पतालों और संस्थानों के सभी प्रमुखों को पत्र लिखा है। पत्र में मंत्रालय ने प्रवेश, निकासी, गलियारे, तथा संवदेनशील क्षेत्रों सहित प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। आपात स्थितियों में तत्काल प्रतिक्रिया के लिए एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित करने को कहा गया है।

————————————————————————————

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग एन एम सी ने पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान— आईजीआईएमएस में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में तीस सीटें बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद मौजूदा शैक्षणिक सत्र दो हजार चौबीस—पच्चीस से ही संस्थान में अब एक सौ पचास सीटों पर नामांकन होगा।

————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने लैट्रल एंट्री के माध्यम से सचिव और निदेशक जैसे पदों पर नियुक्ति के लिए यूपीएससी के विज्ञापन पर रोक लगा दी है। कार्मिक मंत्रालय ने इस संबंध में यूपीएससी को पत्र जारी किया है। गौरतलब है कि कांग्रेस, राजद समेत सभी

विपक्षी दलों और एनडीए के सहयोगी दल लोजपा, रामविलास ने भी इन प्रमुख पदों पर लैट्रल एंट्री के माध्यम से नियुक्ति पर असहमति जतायी थी।

———————————————————————

मोतिहारी जिले के डुमरियाघाट थाना क्षेत्र अन्तर्गत गोपालगंज में शराब तस्करों का पीछा करते हुये एक पुलिस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में वाहन चालक की मौत हो गयी जबकि महमदपुर थाने के एक एसआई समेत तीन जवान गम्भीर रूप से घायल हो गये।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वैशाली में निर्माणाधीन बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय और बृद्ध स्मृति स्तूप का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून की गतिविधियां सामान्य बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान समस्तीपुर और नवादा जिले में कई स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

रेलवे चौबीस अगस्त से समस्तीपुर रेलमंडल की बेतिया स्टेशन से भारत गौरव पर्यटन ट्रेन चलायेगा। आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय संयुक्त महाप्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि इस ट्रेन की माध्यम से श्रद्धालुओं को विभिन्न ज्योतिलिंग समेत धार्मिक स्थलों का दर्शन कराया जायेगा।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण के नरकटियागंज स्थित एसएसबी की चौवालीसवीं बटालियन के जवानों ने इस वर्ष पन्द्रह हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

———————————————————————

सुपौल के भीमनगर स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के जवानों की कथित रूप से खराब भोजन खाने से तबीयत खराब होने के मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।